उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ

(उतरप्रदेश-शासनस्य भाषाविभागाधीनम्)

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता – 2026

(राज्यस्तरीय प्रथम चरण की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों हेतु सूचना)

अष्टाध्यायी, अमरकोश, लघुसिद्धान्तकौमुदी, तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ एवं श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित **संस्कृत प्रतिभा खोज** की *अष्टाध्यायी, अमरकोश, लघुसिद्धान्तकौमुदी, तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ* की अहर्ता परीक्षा द्वारा चयनित (50 से अधिक अंक प्रापेत करने वाले) प्रतिभागियों एवं *मंडल स्तरीय श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता* में प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को निम्न निर्देश दिए जाते हैं—

👉 महत्वपूर्ण सूचना

- अर्हता परीक्षा (प्रथम चक्र) का परिणाम **प्रतिभा खोज वेब पोर्टल** के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।
- सभी प्रतिभागी निर्देशों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें।
- समय पर उपस्थित न होने पर बाद में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

👉 यात्रा विवरण (22 नवम्बर 2026 से पूर्व भरें)

प्रतिभागी निम्न लिंक पर जाकर अपनी यात्रा जानकारी भरें, ताकि आवास एवं भोजन की उचित व्यवस्था की जा सके—

🔗 https://upsanskritpratibhakhoj.com/StateExpenceRegistration.aspx

---

👉 लखनऊ आगमन पर साथ लाने हेतु आवश्यक सामग्री

1. **शैक्षणिक प्रपत्र:** वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र (विद्यालय द्वारा जारी) तथा ऑनलाइन आवेदन-पत्र की छायाप्रति (Printout/Photocopy)।
2. **पहचान पत्र:** प्रतिभागी तथा साथ आने वाले शिक्षक/अभिभावक दोनों का वैध मूल फोटोयुक्त पहचान-पत्र।
3. **यात्रा टिकट:** आवागमन का मूल रेल/बस टिकट (किराया प्रतिपूर्ति हेतु अनिवार्य)।

आवास, भोजन एवं यात्रा भत्ता संबंधी नियम:

- **आवास एवं भोजन व्यवस्था:** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा उनके साथ अधिकृत **एक शिक्षक अथवा अभिभावक** के लिए एक दिन के भोजन एवं आवास की निःशुल्क व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त कोई अन्य दैनिक भत्ता या अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

- **यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति (TA):**
    - प्रतिभागी एवं उनके साथ आए एक शिक्षक/अभिभावक को मूल टिकट प्रस्तुत करने पर **रेलवे शयनयान श्रेणी (Sleeper Class)** अथवा **साधारण बस (Ordinary Bus)** का वास्तविक किराया देय होगा।
    - यदि प्रतिभागी निजी वाहन अथवा किसी अन्य साधन से यात्रा करते हैं, तो उचित साक्ष्य प्रस्तुत करने की दशा में साधारण राज्य परिवहन बस किराए के समतुल्य ही मार्गव्यय का भुगतान किया जाएगा।

सभी प्रतिभागी आवश्यक मूल अभिलेख एवं टिकट सुरक्षित रखें ताकि आगमन पर सत्यापन एवं यात्रा व्यय भुगतान की प्रक्रिया सुगमता से पूर्ण हो सके।

प्रतियोगिता स्थल

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, नया हज़रतगंज / नया हैदराबाद, लखनऊ

मार्गदर्शन (कैसे पहुँचे?)

प्रतियोगिता स्थल तक तीन मुख्य मार्ग—

1. **लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग** — पुलिस लाइन व राय बिहारी लाल मार्ग से होकर।
2. **I.T. Metro Station मार्ग** — I.T. College Metro Station से अयोध्या रोड होते हुए सीधे।
3. **निशातगंज मार्ग** — निशातगंज से सीधा मार्ग उपलब्ध।

रेलवे स्टेशन / बस डिपो से

- चारबाग, आलमबाग, डालीगंज, बादशाहनगर रेलवे स्टेशन
- चारबाग, आलमबाग, अवध बस डिपो, कमता बस अड्डा

→ प्रतिभागी **मेट्रो/ऑटो** से Google Map का उपयोग कर आसानी से पहुँच सकते हैं।

विशेष सुझाव

चारबाग व आलमबाग से आने वाले प्रतिभागियों हेतु I.T. Metro Station या विश्वविद्यालय मार्ग सबसे सुगम व किफायती है।

प्रतियोगिता स्थल गोमती नदी किनारे, तीनों मार्गों से लगभग 800 मीटर दूरी पर स्थित है।
Google Map Link: https://maps.app.goo.gl/zQMVbTdYeQCddNaw8

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता – समय-सारणी

पहला दिन — शनिवार, 28 नवम्बर 2026

समय	कार्यक्रम	स्थान
8:00	चाय	आवासीय परिसर
8:30	जलपान	भोजनालय/कैंपस
11:30	उद्घाटन समारोह	प्रेक्षागृह
13:00	दोपहर भोजन	भोजनालय/कैंपस
13:30	लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता	**प्रेक्षागृह**
14:30	अमरकोश कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता	सभा कक्ष
16:30	जलपान	भोजनालय
20:00	रात्रि भोजन	भोजनालय

दूसरा दिन — रविवार, 29 नवम्बर 2026

समय	कार्यक्रम	स्थान
8:00	चाय	आवासीय परिसर
8:30	जलपान	भोजनालय
9:30	श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता	प्रेक्षागृह
10:00	तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता	सभा कक्ष
13:00	दोपहर भोजन	भोजनालय

तीसरा दिन — सोमवार, 30 नवम्बर 2026

समय	कार्यक्रम	स्थान
8:00	चाय	आवासीय परिसर
8:30	जलपान	भोजनालय
9:30	अष्टाध्यायी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता	सभा कक्ष
13:00	दोपहर भोजन	भोजनालय
15:00	समापन सत्र	प्रेक्षागृह

अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

☞ प्रतियोगिता की तिथि/समय परिवर्तन संभव

समसामयिक परिस्थितियों के अनुसार समय में परिवर्तन हो सकता है।

प्रतिभागी प्रतियोगिता आरंभ से **कम-से-कम 2 घंटे पूर्व** अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

☞ पंजीकरण व यात्रा विवरण

प्रतियोगिता स्थल पर *पंजीकरण व यात्रा जानकारी सत्यापन* किया जाएगा।

समय पर पहुँचकर इसे पूरा करें।

☞ वापसी यात्रा

प्रतिभागियों को सलाह—

समस्त प्रतिभागियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि प्रतियोगिता संपन्न होने के उपरांत सभी को उसी दिन सायं 7:30 बजे के बाद अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करना अनिवार्य होगा।

प्रतियोगिता के अगले दिन संस्थान की ओर से आवास अथवा भोजन की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा सकेगी। अतः सभी प्रतिभागी तदनुसार ही अपनी वापसी यात्रा की योजना एवं टिकट आदि सुनिश्चित करें।

☞ भोजन एवं रात्रि विश्राम

दूर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए **रात्रि में भी आवास व भोजन की सुविधा** उपलब्ध रहेगी।

अन्य किसी सहायता/मार्गदर्शन के लिए संबंधित प्रतियोगिता के संयोजक से संपर्क कर सकते हैं।

श्री दीपक मिश्रा	श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता		8595656658
सुश्री महक गुप्ता	अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतियोगिता	अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता	8869912146
श्री पवन कुमार	लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता	तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतियोगिता	9984539327

संस्कृत प्रतिभा खोज से सोशल मीडिया पर जुड़ें:

Whatsapp: https://whatsapp.com/channel/0029Val1GIn1CYoPHA6von2y

Facebook: https://www.facebook.com/upsanskritpratibhakhoj

Instagram : https://www.instagram.com/upsanskritpratibhakhoj